हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

12 शताब्दी वर्ष पर बधावड़ में राज्य स्तरीय युवा समागम कल



12 माता संतोषी ने दी सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा



## खबर संक्षेप

### विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर का स्थानांतरण

**हिसार।** नगर निगम के विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह का स्थानांतरण हो गया है। अब वे जिला नगर आयुक्त भिवानी व चरखी दादरी और भिवानी एचएसवीपी ईओ का पदभार संभालेंगे। हरबीर सिंह ने विशेष स्वच्छता अधिकारी के तौर पर हिसार नगर निगम ने अगस्त में पदभार संभाला था। तब से अब तक अपने कार्य को बखूबी करते रहे है। उनके स्थानांतरण पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। उनकी मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, नई नियुक्ति पर अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण सहित तमाम अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी।

### राष्ट्रीय साहित्योत्सव 'अक्षरम्' का टीजर जारी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आगामी 3 अप्रैल से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय साहित्य, संवाद एवं संस्कृति महोत्सव अक्षरम् का आधिकारिक टीजर आज जारी किया गया। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन विश्वविद्यालय एवं 'जिल्द' (जेआईएलडी) संस्थान, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा है। जारी किए गए टीजर में इस महोत्सव की व्यापक बौद्धिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक अवधारणा का सशक्त परिचय प्रस्तुत किया गया है।

### श्री श्याम गोशाला समिति का वार्षिक महोत्सव कल

**हिसार।** श्री श्याम गोशाला समिति, मिंगनी खेड़ा के 16वें वार्षिक महोत्सव का आयोजन 29 मार्च को गोशाला परिसर में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में नई सब्जी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल के प्रधान शिव कुमार गोयल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति खंड-2 के चेयरमैन अजय गावड़ करेंगे, जबकि सह-अध्यक्षता सीए मुरारी गर्ग करेंगे। मोहन तनेजा कृष्ण सेवा समिति द्वारा भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी से 150 लीटर तेल चोरी

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव कोथ कलां में एक घर के बाहर खड़ी गाड़ी से लगभग 150 लीटर डीजल चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोथ कलां गांव निवासी गगनदीप पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सैटरिंग और बिल्डिंग मैटेरियल का व्यवसाय करते हैं। गगनदीप के अनुसार उसने बिल्डिंग मैटेरियल के आने-जाने के लिए एक गाड़ी लगा रखी थी। यह गाड़ी 8 मार्च की रात करीब 12:20 बजे उनके घर पहुंची। गाड़ी मालिक विनोद इसे चलाकर लाए थे। गाड़ी को घर के बाहर गली में खड़ी करने के बाद ड्राइवर अपने घर चला गया था। गगनदीप ने सुबह उठकर जब गाड़ी की जांच की तो पाया कि डीजल टंकी का ढक्कन टूटा हुआ था। जांच करने पर गाड़ी से लगभग 150 लीटर डीजल गायब मिला। घटना के बाद गगनदीप ने मिर्चपुर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

### लड़ाई-झगड़ा मामले में उद्घोषित आरोपित काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ ने लड़ाई-झगड़ा के मामले में फरार चल रहे एक उद्घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हांसी के लालपुरा रोड़ निवासी राधेश्याम के रूप में हुई है। हेड कांस्टेबल उमेद सिंह ने बताया कि आरोपी राधेश्याम निवासी हांसी को कोर्ट द्वारा लड़ाई-झगड़ा के एक मामले 17 फरवरी को उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए आरोपी की तलाश की गई और उसे काबू कर अदालत में पेश किया गया।

# पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की उपलब्धता के दावों पर जनता को नहीं हो रहा भरोसा

## एजेंसियों पर कम नहीं हो रही लाइन, अब पंपों पर भी लगी भीड़

- कई पंपों पर डीजल समाप्त की नौबत आई, पेट्रोल नहीं के बोर्ड भी लगे
- पंप डीलर्स ने डीसी से की तेल कंपनियों की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार





**हिसार।** टाउन पार्क के पास पेट्रोल पंप पर लगी भीड़ तथा कोर्ट परिसर के पास पंप पर पेट्रोल नहीं होने का लगा नोटिस। फोटो : हरिभूमि

केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की उपलब्धता नियंत्रण में रहने के दावों के बावजूद जनता भरोसा नहीं कर पा रही है। पेट्रोल पंपों पर तेल के लिए व एजेंसियों पर गैस के लिए लाइन लगी रहना आम बात हो गई है। शुक्रवार को तो एक पंप पर पेट्रोल नहीं का बोर्ड तक लगा दिया गया, जिसके चलते लोगों में और अफरा-तफरी मच गई।

फिलहाल पेट्रोल के मुकाबले कई पंपों पर डीजल की तंगी बताई जा रही है और कई पंपों पर डीजल समाप्त रहा। ईरान के रास्ते से तेल व गैस के जहाज आने के समाचारों व सरकार के दावों के बावजूद जनता भरोसा नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि पर्याप्त मात्रा में स्टॉक के दावों के बावजूद जनता गैस एजेंसियों से दूर नहीं हो पा रही है वहीं शुक्रवार को पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। कई पेट्रोल पंपों पर डीजल समाप्त बताया गया नहीं, लघु सचिवालय के पास स्थित एक पंप पर पेट्रोल नहीं का बोर्ड भी देखा गया, हालांकि पंप कारिंदों ने तेल की गाड़ी शाम तक पहुंचने की बात कही। बताया जा रहा है कि हिसार में कई पंपों पर गुरुवार रात 10 बजे तेल खत्म हो गया था। सुबह ग्रामीण एरिया में लगे पंपों पर इसका ज्यादा असर दिखाई दिया। डीजल खत्म होने पर लोग शहरों में भरवाने पहुंचे। हिसार के कैमरी रोड स्थित पेट्रोल पंप, अग्रोहा के दो पंपों पर पेट्रोल व डीजल दोनों खत्म हो गए। पेट्रोल भरवाने आए लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। उधर, ऑल हरियाणा पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन ने उपायुक्त से मिलकर आयल मार्केट कंपनी (ओएमसी) द्वारा पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति बाधित किए जाने की शिकायत की। प्रधान राजकुमार सलेमगढ़ के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि हमारे द्वारा समय पर एवं अग्रिम भुगतान किए जाने के बावजूद हमें पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति समय पर नहीं मिल पा रही है। इसके चलते अधिकांश पेट्रोल पंप समय समय पर ड्राई आउट की स्थिति में जा रहे हैं, जिससे जनता परेशान हो रही है। पदाधिकारियों का कहना है कि पेट्रोल व डीजल की वास्तविक कमी नहीं है लेकिन फिर भी आपूर्ति प्रबंधन में लापरवाही व अनियमितता के कारण यह समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि इस बारे कंपनी अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। पदाधिकारियों ने उपायुक्त से मांग की कि इस गंभीर मसले पर तुरंत ध्यान देते हुए तेल कंपनियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं ताकि पैट्रोल व डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके।

### बरवाला में पेट्रोल-डीजल के लिए मारामारी



**बरवाला।** शहर में पेट्रोल और डीजल के लिए मारामारी हो रही है और वाहन चालक पेट्रोल और डीजल को ड्रम और कैनी में भरवाकर स्टॉक भी कर रहे हैं ताकि वे आगामी दिनों में पेट्रोल और डीजल की कमी होने पर इसका प्रयोग कर सके। टोहाना रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर खुला पेट्रोल मिल रहा था और इस पेट्रोल पंप पर डीजल उपलब्ध नहीं था। टोहाना रोड पर स्थित एक दूसरे पेट्रोल पंप पर बिजली की खराबी के चलते पेट्रोल और डीजल नहीं मिल रहा था। टोहाना रोड पर स्थित तीसरे पेट्रोल पंप पर शाम को पेट्रोल और डीजल दोनों का स्टॉक खत्म हो चुका था। वैसे इन पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल लेने के लिए वाहन चालकों की लाइन लगी हुई थी। दूसरी और पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि पेट्रोल और डीजल शुक्रवार देर शाम तक आने की संभावना है।

# हिसार में अमनदीप अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की रेड

## आयुष्मान योजना में अनियमितताओं का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



आयुष्मान भारत योजना के तहत हो रही कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के एक निजी अस्पताल में रेड की।

कार्रवाई के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां और नियमों की अनदेखी सामने आई, जिसके बाद टीम द्वारा विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आगामी कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी। शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाईजानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग रेंज इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में एएसआई सुरेंद्र, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अनिल आहूजा सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने अमनदीप हॉस्पिटल में रेड की। यह कार्रवाई बरवाला निवासी गणेश कुमार की शिकायत के आधार पर की गई थी, जिसमें उन्होंने अस्पताल पर आयुष्मान योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा और उससे इलाज के नाम पर पैसे लेने के आरोप लगाए थे।मरीज के परिजनों ने लगाए गंभीर आरोपशिकायतकर्ता गणेश कुमार ने बताया कि 17 जनवरी को उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया। 23 जनवरी को नवजात की तबीयत बिगड़ने पर उसे शहर के अमनदीप हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज का आश्वासन दिया।इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन द्वारा दाखिले के नाम पर 1000 नकद लिए गए। इसके बाद 26 जनवरी 2026 को उन्हें बुलाकर इंजेक्शन व दवाइयों के नाम पर 14,000, टेस्ट के नाम पर 8,850 तथा अन्य मदों में 1,400 की राशि वसूली गई, जिसकी कोई रसीद नहीं दी गई। आरोप है कि अस्पताल ने बाद में 30,000 की अतिरिक्त मांग की, जो ऑनलाइन जमा करवाई गई, हालांकि इसमें से 10,000 वापस कर दिए गए।परिजनों के अनुसार 27 जनवरी 2026 को बच्चे की मृत्यु हो गई। बाद में उन्हें पता चला कि अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड के तहत भी 56,925 का क्लेम दाखिल कर दिया, जबकि उनसे अलग से नकद राशि भी ली गई।जांच में सामने आईं कई अनियमितताएंरेड के दौरान टीम ने अस्पताल के आयुष्मान योजना से जुड़े रिकॉर्ड की गहन जांच की। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिसमें मरीजों के रिकॉर्ड में बीमारी और इलाज के विवरण में अनियमितता पाई गयी, आयुष्मान योजना रजिस्टर में कई पन्ने खाली मिले, सीरियल नंबरों में गड़बड़ी पाई गई, दस्तावेजों में पारदर्शिता का अभाव देखा गया। उपरोक्त अस्पताल का आयुष्मान लाइसेंस पहले भी दो बार निलंबित हो चुका है और हाल ही में 5 फरवरी 2026 को भी इसे अस्थायी रूप से सस्पेंड किया गया था। अस्पताल द्वारा आयुष्मान योजना में बीमारी के इलाज के रिकॉर्ड में अनियमितता मिली है।

### भेरियां गांव में पेट्रोल पंप कारिंदों से 38 हजार लूटे

**हिसार।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव भेरियां में गोपाल पैट्रो सर्विस पर नकाबपोशों ने 38 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। दोनों ने पंप के पास ही कमरे में सो रहे दो कारिंदों को जान से मारने की धमकी देकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस को शिकायत दर्ज करवा दी गई है। पंप पर पिछले लगभग तीन साल से काम करने वाले भेरियां निवासी बलजीत ने आजाद नगर थाना में पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार घटना शुक्रवार तड़के लगभग 2.30 बजे की बताई गई है। बलजीत के अनुसार हिसार-सिवानी रोड पर भेरियां के पास गोपाल पैट्रो नाम से पैट्रोल पंप है। बलजीत व उसके साथ रात को पंप पर कार्यरत मंगाली झारा निवासी समीर गुरुवार रात को काम निपटाने के बाद पंप के एक कमरे में सोये थे। शुक्रवार तड़के लगभग 2.30 बजे कुछ आवाज सुनाई दी तो हमारी नींद खुल गई। हमने देखा कि मुंह पर कपड़ा बांधे दो युवक अंदर आए और हमसे पैसे मांगने लगे।

## न्यूज डायरी

### टैक्स बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान आज

**हिसार।** हिसार टैक्स बार एसोसिएशन के वर्ष 2026-27 के लिए पदाधिकारियों के चुनाव 28 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। यह चुनाव सेक्टर-14 स्थित आयकर कार्यालय परिसर में संपन्न होंगे, जहां मतदान की सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। चुनाव अधिकारी सीए रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि एसोसिएशन के प्रधान, उप-प्रधान, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदान के लिए बैलेट पेपर का उपयोग होगा और मतदान स्थल पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### चाकू व छुरी से हमला करने वाले चार गिरफ्तार

**हिसार।** शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस टीम ने चाकू व छुरी से हमला करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरापियों की पहचान आदर्श नगर निवासी दीपक, टिब्बा दानाशेर निवासी जतिन, शिव नगर निवासी नीरज व सुलखनी गांव निवासी सूर्य के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों के कब्जे से दो चाकू तथा वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की गई है। शिकायत के अनुसार गत 19 मार्च की रात को वह अपने दोस्तों के साथ खाना खाने के बाद घर जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी टकराने की बात पर कुछ युवकों के साथ कहासुनी हो गई, जिस पर आरोपियों ने ईंटों व चाकुओं से हमला कर दिया। इस हमले में शिकायतकर्ता सहित उसके साथी घायल हो गए। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी नीरज के खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट व अन्य मारपीट के करीब तीन मुकदमे दर्ज हैं। सभी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एंट्री-एग्जिट चौक निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी

**हिसार।** बरवाला शहर के आंतरिक हिस्से में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एंट्री एवं एग्जिट चौक के निर्माण को सरकार की प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना पर कुल 3.37 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि इससे बरवाला शहर में यातायात सुगम होगा, सडक़ सुरक्षा बढ़ेगी और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। यह कार्य बरवाला शहर की इंटरनल सिटी रोड पर किया जाएगा, जिससे शहर में प्रवेश और निकास की व्यवस्था बेहतर होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या में राहत मिलेगी। संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित कार्यों का विवरण प्रस्तुत करने के बाद सरकार से शीघ्र कार्रवाई के लिए अनुरोध किया गया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद अब आगे की औपचारिकताएं पूरी कर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### मुकलान में 30 को होगा रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**हिसार।** जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विकास कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मुकलान में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आगामी 30 मार्च को सायं 7 बजे गांव मुकलान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। विशेष रूप से परिवार पहचान पत्र, बिजली, पानी, सीवरेज व्यवस्था सहित अन्य जनसेवाओं से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### सिलेंडर में आग लगने से मकान जला

**उकलाना।** गांव बुढ़ाखेड़ा की एक बस्ती में गैस सिलेंडर में आग लगने से घर जलकर राख हो गया, जिससे परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। हादसे के समय घर में रखा सोने के आभूषण, घरेलू कागजात, एलईडी, फ्रिज, कूलर, अलमारी, बेड सहित संपूर्ण घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। जानकारी के अनुसार गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी राजो देवी सिलेंडर लेकर घर आई थीं और खाना बनाना शुरू किया था। कुछ ही समय बाद सिलेंडर में अचानक आग लग गई, जो धीरे-धीरे भयंकर रूप धारण कर गई और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरा घर जलकर राख हो गया। पीड़ित राजो देवी ने बताया कि आग लगने के समय उनके पास केवल पहने हुए कपड़े ही बचे हैं, जबकि घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। घर में रखी नगद राशि, जो घर के काम के लिए रखी गई थी, वह भी आग में जल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के स्थानीय लोगों ने पानी की बाल्टियों और कपड़ों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया।

### निगम ने 32 बेसहारा पशु पकड़े, भेजे गोभ्यारण्य

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान में नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि टीम ने रॉयल बार के पास, मनोहर कॉलोनी, हरिदास कॉलोनी, पीएलए, पटेल नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सूरजमल कॉलोनी, आईटीआई चौक से 32 बेसहारा पशुओं को पकड़ा और गोअभयारण्य भेज दिया गया है।

### बाइक चोरी में आरोपी का रिमांड खत्म

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने टाउन पार्क से बाइक चोरी मामले में पकड़े गए आरोपी से रिमांड के दौरान बाइक बरामद कर लिया है। आरोपी योगेश उर्फ़ योगी को पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार करके बाइक बरामदगी के लिए रिमांड पर लिया था। पुलिस के अनुसार इस संबंध में सूर्य नगर निवासी अंकुर ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 8 फरवरी को सुबह करीब 6:15 बजे वह टाउन पार्क के पिछले गेट से अंदर घुमने के लिए गया था। जब वह करीब 8 बजे वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। इस मामले में दर्ज केस में छानबीन करते पुलिस ने आरोपी आजाद नगर निवासी योगेश उर्फ़ योगी को गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड लिया था। रिमांड दौरान आरोपी की निशानदेही में चोरी की गई मोटरसाइकिल को राजगढ़ से बरामद किया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## डीसी ने आदमपुर मंडी का दौरा कर खरीद प्रबंधों का जायजा लिया

# मंडियों में सरसों की सरकारी खरीद आज से

- मार्केट कमेटी चेयरमैन, सचिव और व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** समार्केट कमेटी के चेयरमैन ठाकर दत्त पंवार और व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ बातचीत करते उपायुक्त महेंद्र पाल।

जिले में सरसों की सरकारी खरीद शनिवार से शुरू होगी। खरीद को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। हिसार व हांसी जिले में 22 स्थानों पर सरसों की खरीद होगी। उधर, उपायुक्त महेंद्र पाल ने शुक्रवार को आदमपुर अनाज मंडी में मार्केट कमेटी चेयरमैन, सचिव और व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ बैठक कर खरीद सीजन की तैयारियों की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली, तौल व्यवस्था तथा किसानों के बैठने की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सरकार के निर्देशानुसार बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और खरीदी गई फसल का समय पर उठान किया जाए, ताकि मंडी में किसी प्रकार की जाम की स्थिति पैदा न हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में शिकायत निवारण व्यवस्था को मजबूत किया जाए और किसानों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन ठाकर दत्त पंवार, कमेटी सचिव दिनेश कुमार, व्यापार मंडल के सदस्यों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# किसानों को फसल बेचने में नहीं होगी कोई परेशानी



**हांसी।** रबी फसलों की खरीद के लिए जिला की अनाज मंडियों तथा फसल खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं। किसी भी किसान को फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शनिवार से सरसों तथा एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए जिला में चार नए फसल खरीद के केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार नीलकंठ ऑयल मिल, बंसल राइस मिल, कैलाश चंद्र शंकर लाल राइस मिल तथा डाटा गांव में नए फसल खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। अनाज मंडी हांसी, नई सब्जी मंडी, सिसाय फसल खरीद केंद्र, नारनौंद अनाज मंडी, खेड़ी जालब फसल खरीद केंद्र, लोहारी राघो फसल खरीद केंद्र, बास फसल खरीद केंद्र, खांडा खेड़ी, थुराना तथा कोथ कला गांव में स्थापित फसल खरीद केंद्रों में भी गेहूं की फसल की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी हांसी, अनाज मंडी नारनौंद, खेड़ी जालब तथा लोहारी गांव में स्थापित अनाज मंडियों तथा फसल खरीद केंद्रों में सरसों की खरीद की जाएगी। सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की जाएगी। डीसी राहुल नरवाल के निर्देशानुसार एसडीएम राजेश खोथ ने शुक्रवार को अनाज मंडी हांसी का दौरा कर फसल खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और प्रबंधों का जायजा लिया।



# इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।' मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।


लाइफ Style

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।




हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




# 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



# खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



# शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।' इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

## ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।



# मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी

**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों



साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

# इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

### ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



### डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री **BTS** के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापित 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

### कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

# ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली।** कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

### प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे श्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

### आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

## प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़



### शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।

### सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

### रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

### रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय** : विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूर**: रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशन**: ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआर**: जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

## खबर संक्षेप

### सरकार की नाकामी से गैस संकट गहराया

**हिसार।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा है कि जिले सहित पूरे प्रदेश में केंद्र



और हरियाणा की भाजपा सरकारों की गलत नीतियों के कारण आम जनता भारी परेशानियों का सामना कर रही है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि सरकारें जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही हैं। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के कारण लोगों को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, लेकिन समय पर गैस नहीं मिल पा रही। दूसरी ओर खुलेआम कालाबाजारी हो रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए गैस सिलेंडर लेना मुश्किल हो गया है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों इस पर नियंत्रण करने में नाकाम रही हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे किसानों, व्यापारियों और आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई पेट्रोल पंपों पर शाम तक ईंधन खत्म हो जाना सरकार की खराब व्यवस्था को दर्शाता है।

### सरकार के दावों में विरोधाभास : दलबीर

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा है कि बेरोजगारों को रोजगार देने व हर नागरिक को छत मुहैया करवाने के केन्द्र व प्रदेश सरकार के दावों में विरोधाभास है। सरकार की इस



दोगली नीतियों का खामियाजा जरूरतमंदों व बेरोजगारों को भुगतना पड़ रहा है। सरकार को अपनी इन नीतियों में परिवर्तन करना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सकें। दलबीर किरमारा ने कहा कि सरकार के विभिन्न विभाग, जैसे हुडा, टाउन प्लानिंग, नगर निगम, नगर परिषद व पालिकाएं अवैध कब्जे हटाने के नाम पर अभियान चलाती है। सबसे पहले इसी बात पर गौर करें कि ये अवैध कब्जे क्यों व किसकी छत्रछाया में फैले। अवैध कब्जों के जिम्मेवार अधिकारियों व कर्मचारियों ने येन केन प्रकारेण अपना काम में लापरवाही बरती और अब उनकी लापरवाही का खामियाजा या तो कहीं रेहड़ी लगाकर रोजगार चलाने वालों को भुगतना पड़ रहा है या फिर कहीं छत बना लेने वाले को भुगतना पड़ रहा है।

## श्री काली देवी मंदिर में नवरात्र महोत्सव का समापन

# नवरात्रि पर मंदिर में 1908 अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित

**श्रद्धालुओं की बोली गई 86 सवामणियों के प्रसाद का भोग लगाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर के प्राचीनतम श्री काली देवी मंदिर में शुक्रवार को 86 सवामणी के प्रसाद के भोग के साथ नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न हो गया। नवरात्रि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर में 1908 अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई थी। मंदिर में प्रज्जवलित ज्योत की देखभाल मंदिर प्रबंधन समिति के प्रशिक्षित पंडितों की जाती है।

श्री काली देवी मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित बृजभूषण शास्त्री ने बताया कि मंदिर में इन नौ दिनों में रोजाना मंदिर प्रांगण व माता रानी का नई पोषाकों व फूलों का भव्य तथा अलौकिक श्रृंगार किया जाता है। इसके अलावा मंदिर भवन व प्रांगण को भव्य व सुंदर लाइटों द्वारा सजाया जाता है और श्रद्धालुओं के अनुरोध पर मंदिर प्रांगण में नौ दिन जलने वाली अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है और 9 दिन जलने वाली अखंड ज्योत की देखरेख प्रशिक्षित पंडितों द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि कि रामनवमी पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की बोली गई सवामणी का प्रसाद तैयार करवाकर भोग लगाया जाता है। इस महोत्सव में 1908 अखंड ज्योत और 86 सवामणियों के प्रसाद का भोग लगाया गया। माता रानी श्री काली देवी के देश ही नहीं विदेशों में रहने वाले असंख्य श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत पूरी होने पर अखंड ज्योत व सवामणी लगवाई जाती है। माता रानी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई प्रत्येक मन्नत पूर्ण होती है और इस रोजाना हजारों श्रद्धालु माता रानी के दर्शन के लिए मंदिर आते हैं।



**हांसी।** नवरात्र महोत्सव के दौरान माता रानी का किया गया भव्य शृंगार। *फोटो : हरिभूमि*

## नवनिर्मित नवदुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन

■ कमेटी के सदस्यों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया

**उकलाना।** जय मां वैष्णो देवी समिति द्वारा उकलाना में नवनिर्मित नवदुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान आचार्य पवन शर्मा, अंकित शर्मा, सूरजभान शर्मा, रवि शर्मा, नंद राय और सदानंद शर्मा सहित सात ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन मंत्रोच्चारण के साथ नौ देवियों, शिव परिवार व अन्य देवी-देवताओं की स्थापना की गई। प्रातः काल हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया तथा कन्या पूजन किया गया, जिसमें कमेटी के सदस्यों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर संरक्षक बलराज जैन, राजेंद्र मंगला, गुलशन आहूजा, प्रवीण जैन, ऋतु जैन, हरदीप सिंह, रामफल सेलवाल, नितिन जैन, नंदू मिस्त्री, कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार, सज्जन मित्तल, जगदीश गोयल, लख्मीचंद हुड्डा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



**नारनौंद।** जागरण में गीतों पर झूमती हुई महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

## शीतला माता मंदिर में रखा कलश, हवन के बाद लगाया भंडारा

**नारनौंद।** गांव राजथल के शीतला माता मंदिर में भव्य कलश यात्रा निकालकर कर पूरी श्रद्धा के दोनों मंदिरों पर कलश रखा गया। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और जागरण में विख्यात भजन गायक नरेंद्र कौशिक ने माता के गीतों की प्रस्तुति देकर समा बांधा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी दलबीर जांगड़ा और संजय डोलियां ने शिरकत की। कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि गांव में शीतला माता मंदिर पर कलश रखा गया है।इसके उपलक्ष में गांव की महिलाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ कलश यात्रा निकालकर गांव की परिक्रमा की। कलश यात्रा के दौरान माता के गीतों पर झूमती हुई महिलाएं गांव में एकता और शांति का संदेश दे रही थी। हवन यज्ञ कर मंदिर पर कलश की स्थापना की गई। काफी श्रद्धालुओं ने नशा न करने की शपथ भी ली। इस अवसर पर रामकुमार शर्मा, मनोज बिसला, धर्मवीर मान, धर्मपाल सिंहमार,सुनील मान, सहदेव एडवोकेट, जयबीर बिसला, संसार, रामकिशन प्रजापत, अंकित, जगरूप बिसला, सोनू पांचाल रोहतास आदि मौजूद थे।

## भगवान राम का जीवन अनुकरणीय : कविता कांत



**हिसार।** रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रही राम कथा के नौवें व अंतिम दिन राय बरेली से आये आचार्य कविता कान्त वाजपेयी रामायणी ने जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान का अवतार होता है। एक आदर्श भाई के रुप में, पुत्र के रुप में, पिता के रुप में, शिष्य के रुप में तथा पति के रुप में श्रीराम का जीवन अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जैसी मर्यादा, सत्य, चारित्रक बल और शील आदि सद्गुणों का विकास हमारे जीवन में हो जाये तो राम नवमी की सार्थकता सिद्ध होगी। राम नवमी का दिन भगवान राम के आदर्शों-सत्य, नैतिकता, और धर्म-को जीवन में उतारने का संदेश देता है। कथा से पूर्व भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा, शुभम अरोड़ा, प्रेमलता बख्शी ने भजनों की प्रस्तुति दी। कथा के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रधान उषा बख्शी, सचिव कृष्ण शर्मा, उपप्रधान कृष्ण महता, कोषाध्यक्ष धर्मबीर ग्रोवर, दयानंद बंसल, नंदलाल धमीजा, सुभाष गुप्ता, अर्जुन मानक, देशबंधु, भूषण चौधरी, सुशील राजपाल, रामशरण भुटानी, दीपक पाल, आदेश भुटानी, सुरेश नागपाल, प्रेमलता बख्शी, सुशीला देवी, वीना चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# एसडीएम से मिलीं नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं

■ माइग्रेशन की समस्या को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हांसी जिले के एक नर्सिंग कॉलेज में हुए विवाद के बाद कॉलेज से माइग्रेशन की समस्या को लेकर शुक्रवार को छात्राओं ने एसडीएम विकास यादव से मुलाकात की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि माइग्रेशन की प्रक्रिया में जो परेशानी आ रही है जल्द ही विभाग से बातचीत करके समाधान कर दिया जाएगा। कॉलेज की छात्राओं ओर किसान नेताओं ने माइग्रेशन की मांग को लेकर हांसी के विधायक विनोद भयाना के आवास पर धरना भी दिया था। छात्राओं की मांग को पूरा का दिया गया था। उस समय 170 छात्राओं ने माइग्रेशन के लिए अपना आवेदन एसडीएम को सौंपा था। बाद में सिर्फ 111 छात्राएं ही माइग्रेशन के लिए काउंसलिंग में गई। उसके बाद सभी छात्राओं को कॉलेज अलार्ट कर दिए गए थे। करीब 20 छात्राओं का माइग्रेशन हो चुका हैं। बाकी छात्रों के माइग्रेशन में काफी परेशानियां आ रही हैं। इसी को लेकर शुक्रवार को छात्राएं शुक्रवार को अपनी समस्या का समाधान करवाने के एसडीएम से मिलने के लिए पहुंची।



**नारनौंद।** एसडीएम विकास यादव से बातचीत करती नर्सिंग छात्राएं।

### एनओसी जल्द दिलवाई जाएगी : एसडीएम

एसडीएम विकास यादव ने बताया कि छात्राओं की एनओसी के लिए निदेशक स्वास्थ्य शिक्षण रिसर्च हरियाणा को 17 मार्च को पत्र लिखकर भेज दिया गया है। वहां पर संपर्क करके जल्द ही छात्राओं को एनओसी दिलवा दी जाएगी। जो कॉलेज उनको अलॉट किया गया है। वहां पर विभाग सूचना भेज देगा। छात्राओं किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# चानौत में की जिले की पहली लाइब्रेरी स्थापित, एसडीएम ने किया उद्घाटन

■ बच्चों में बचपन से ही लाइब्रेरी में बैठकर अध्ययन करने की आदत होगी विकसित : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राजकीय प्राथमिक पाठशाला चानौत के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में स्थापित लाइब्रेरी का शुक्रवार को एसडीएम राजेश खोथ ने रिबन काट कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। लाइब्रेरी के उद्घाटन के उपरांत विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि बड़ों को ही नहीं छोटे विद्यार्थियो को भी लाइब्रेरी की आवश्यकता होती है, क्योंकि अगर बच्चे बचपन से ही लाइब्रेरी में बैठकर अध्ययन करेंगे तो उनमें अध्ययन करने की आदत बचपन में ही विकसित हो जाएगी। जिसका फायदा उन्हें बड़े होने पर करियर बनाने में मिलेगा। एसडीएम राजेश खोथ ने लाइब्रेरी का उद्घाटन करने के उपरांत छोटे-छोटे बच्चों के साथ बैठकर करीबन आधा घंटा रोचक कहानियों की पुस्तक पढ़ी।



**हांसी।** लाइब्रेरी का रिबन काट कर विधिवत शुभारंभ करते एसडीएम राजेश खोथ।



**आदमपुर।** जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक चंद्रप्रकाश।

### जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था करने की जरूरत

**आदमपुर।** विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर हलकावासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोगों ने पेयजल समस्या, सड़कों व सीवर लाइन के निर्माण में हो रही देरी, बिजली आपूर्ति एवं सिंचाई के पानी की कमी की समस्या से अवगत करवाया। ग्रामवासियों ने कहा कि टेल पर पानी न पहुंचने से वाटर वर्क्स व खेतों में पानी का का अभाव रहता है। विधायक चंद्रप्रकाश ने समस्याओं के समाधान की बात कही। उन्होंने जनता दरबार में स्पष्ट किया कि विधानसभा के सत्र में टेल के गांवों में जलापूर्ति न होने का मुद्दा उन्होंने प्रमुखता से उठाया है। विधानसभा सत्र में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री के समक्ष तथ्यों के साथ इस बात पर जोर दिया गया कि आदमपुर हलके के गांव दुर्जनपुर, ठसका, चिकनवास, आदि गांवों में पानी के अभाव के चलते पब्लिक हेल्थ के वाटर वर्क्स सूखे पड़े रहते हैं।

# जिंदल स्टेनलेस और ऑयस्टर रिन्यूएबल ने औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन को आगे बढ़ाया

■ मध्य प्रदेश के आगर-मालवा में 315 .6 मेगावाट की सौर-पवन हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना आंशिक रूप से शुरू होने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल स्टेनलेस और ऑयस्टर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के आगर-मालवा में 315.6 मेगावाट की सौर-पवन हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना आंशिक रूप से शुरू होने की घोषणा की। यह भारत के औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना की कुल लागत रूपये 2,000 करोड़ से अधिक है, में जिंदल स्टेनलेस द्वारा रुपये 132 करोड़ का प्रतिबद्ध निवेश शामिल है। यह मध्य प्रदेश और गुजरात में शुरू की गई है, जिसके तहत मध्य प्रदेश में लगभग 216 मेगावाट और गुजरात में 99 मेगावाट सौर व पवन ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। परियोजना चरणबद्ध तरीके से शुरु की जा रही है, जिसका आरंभ मध्य प्रदेश इकाई से हो रहा है और इसके बाद गुजरात इकाई का संचालन शुरू होगा। यह परियोजना जिंदल स्टेनलेस के स्वच्छ और अधिक सक्षम ऊर्जा मिश्रण की दिशा में संक्रमण को समर्थन देती है और औद्योगिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में बड़े पैमाने की नवीकरणीय अवसंरचना की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है।



अभ्युदय जिंदल, प्रबंध निदेशक

### कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम : अभ्युदय जिंदल

जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की बढ़ती जरूरतें पूरी करते समय हम अपनी दीर्घकालिक विकास योजना में पर्यावरण और सततता पर हमेशा विशेष ध्यान देते हैं। इस हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए ऑयस्टर रिन्यूएबल के साथ साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ाने और हमारे औद्योगिकी कार्यों में कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# लघु नाटक 'मुक्तिधाम' का मंचन



**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में सामाजिक सरोकारों पर आधारित लघु नाटक 'मुक्तिधाम' का मंचन किया गया। डॉ. कपिल सैनी ने बताया कि यह नाटक संस्कृत भारत सरकार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के तत्वावधान में केएल थिएटर प्रोडक्शन तथा संस्कार भारती सिरसा शाखा द्वारा प्रस्तुत किया गया। नाटक का निर्देशन करण लड्ढा ने किया, जबकि सूत्रधार के रूप में अमित लड्ढा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में संस्कार भारती से जयंत कुमार एवं राजेंद्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नाटक की कथा वर्तमान भौतिकवादी युग में बदलती मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित रही, जिसमें यह दर्शाया गया कि किस प्रकार विकृत मानसिकता के कारण कुछ लोग अपने माता-पिता से दूरी बना लेते हैं। साथ ही, इस समस्या के समाधान का संदेश भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि नाटक केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पण होता है। यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाता है।

## हकृवि में गुलाबी सुंडी प्रबंधन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

# नरमा को गुलाबी सुंडी से बचाने के लिए तालमेल के साथ कार्य करें

**कपास वैज्ञानिकों, निजी बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों ने की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि देश के उत्तरी क्षेत्र में कपास की फसल में गुलाबी सुंडी की समस्या पर किसान व कृषि वैज्ञानिक लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसके समाधान के लिए सभी हितधारक मिलकर कार्य करें ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज शुक्रवार को विश्वविद्यालय में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के कृषि विश्वविद्यालयों के कपास वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों, निजी बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों व किसानों के लिए अनुसंधान निदेशालय द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कपास की फसल में गुलाबी सुंडी के नियंत्रण के लिए हितधारकों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। किसानों को गुलाबी सुंडी के बारे में जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भी विस्तृत विचार विमर्श किया गया। कुलपति ने संबंधित वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों को कीट प्रबंधन संबंधी नवीनतम तकनीकों एवं सावधानियों की जानकारी उपलब्ध कराएं।



**हिसार।** समीक्षा बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

### देर से बिजाई करने पर गुलाबी सुंडी का प्रकोप

कुलपति ने कहा कि किसान कपास फसल की बिजाई (15 अप्रैल से 15 मई) समय पर करना सुनिश्चित करें क्योंकि देर से बिजाई करने पर फसल में गुलाबी सुंडी का प्रकोप अधिक होता है। उन्होंने प्रमाणित एवं अनुशंसित बीजों का प्रयोग करने, समय-समय पर फसल का निरीक्षण करने, संक्रमित टीड़ों को तोडकर खेत से बाहर नष्ट करने, फसल चक्र अपनानें तथा फसल अवशेष एवं डंठलों को उखाड़ कर नष्ट करने की सलाह दी। किसान अपने खेत में पड़ी नरमा की बनछटियों को बिजाई से पहले इन्हें अच्छी तरह से झाड़ कर रख लें।

### डीआर ने पेश की कपास परिदृष्य की रिपोर्ट

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बैठक में सभी का स्वागत किया और हरियाणा प्रदेश के कपास परिदृश्य की रिपोर्ट प्रस्तुत की। पंजाब राज्य की कपास से संबंधित रिपोर्ट डॉ विजय कुमार तथा राजस्थान की रिपोर्ट डॉ हरमिंदर सिंह ने प्रस्तुत की। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक (कपास) डॉ. राम प्रताप सिहाग ने गुलाबी सुंडी की रोकथाम के लिए किए जाने वाले समुचित प्रबन्धों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में डॉ. ऋषि कुमार, डॉ. रमेश कुमार यादव, डॉ. करमल सिंह, एडीआर डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. सुरेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

# जनगणना सर्वे के लिए फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हांसी। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के सभागार में शुक्रवार को जनगणना-2027 को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। नागरिकों को पहली बार स्वःगणना की सुविधा मिलेगी। इसके लिए 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन जानकारी भर सकेंगे। एक मई से 30 मई तक मकानों की गणना की जाएगी। दूसरे चरण फरवरी 2027 तक होगा, जिसमें जनसंख्या की गणना होगी, जो कि घर-घर जाकर पूरी की जाएगी। जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा और केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों के निर्माण में ही इसका उपयोग किया जाएगा। जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जनगणना-2027 का कार्य विधिवत रूप से एक मई में शुरू होगा। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। उनको पारदर्शी ढंग से गणना करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर आगे सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में जनगणना विभाग के उपनिदेशक प्रमोद कुमार, मास्टर ट्रेनर रमा, जनगणना जिला समन्वयक अरुण कुमार नेगी तथा जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, सावित्री देवी पत्नी स्व. श्री धर्मपाल निवासी गांव दुर्जनपुर, तहसील व जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### उत्सव आनंद ने संभाला एडीसी का कार्यभार

**हिसार।** आईएएस उत्सव आनंद ने हिसार के अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। गत दिनों हरियाणा सरकार द्वारा जारी आदेशों में सांपला में एसडीओ (सिविल) के पद पर कार्यरत आईएएस उत्सव आनंद को हिसार के अतिरिक्त उपायुक्त-कम-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी के पद पर नियुक्त किया था। उपायुक्त महेंद्र पाल ने उन्हें नई जिम्मेदारियां के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी काबू

**हांसी।** एवीटी पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव हैबतपुर निवासी नसीब के रूप में हुई है। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकथाम के लिए गगन खेड़ी गांव के समीप स्थित सिसाय रोड टी-प्वाइंट के पास मौजूद थी। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर हांसी की ओर से आ रहे युवक को पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया तो वह मोटरसाइकिल को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे काबू कर बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

### राजमार्ग पर ट्रैक्टर ने खड़ी बस में मारी टक्कर

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक के पास शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर बस के पिछले हिस्से को चीरते हुए अंदर तक जा घुसा। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार करीब 35 यात्री बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक को टोल प्लाजा की एंबुलेंस के द्वारा उपचार हेतु हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर चालक की पहचान नहीं हो पाई थी।

### श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

# सैकड़ों ध्वजों व झांकियों के साथ निकली रामनवमी यात्रा

**रामनवमी शोभा यात्रा में देवी-देवताओं का प्रतिरूप बने बच्चों ने मोह लिया मन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कटला रामलीला की रामनवमी शोभा यात्रा में ध्वजाओं के साथ हिस्सा लेती मातृशक्ति। फोटो : हरिभूमि

श्री रामलीला कमेटी कटला के 129वें श्री रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत देवी भवन के गोयनका सदन में प्रातः हवन के उपरांत भव्य रामनवमी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज के सान्निध्य में शोभा यात्रा मोहना मंडी से शुरू हुई और विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस यहीं पहुंची। देवी भवन स्थित गोयनका सदन में सभी श्रद्धालुओं ने सात्विक भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

शोभा यात्रा में भारत माता, कालभैरव स्वरूप में भगवान शंकर, सृष्टि रचयिता ब्रह्मा, भगवान विष्णु-लक्ष्मी व माता दुर्गा की झांकी देखने लायक रही। चारों भाइयों श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इनके साथ ही प्रथम पूज्य श्रीगणेश, श्रीरामलला का स्वरूप, श्रीराधा-कृष्ण व नृत्य करते हनुमान जी की झांकी ने शहरवासियों का मन मोह लिया। झांकियों के साथ ही सैकड़ों श्रद्धालु हाथ में हनुमान जी की ध्वजा थामे हुए बैंड-बाजे के साथ आगे बढ़े। विभिन्न स्थानों पर प्रसाद, पुष्पों व इत्र के साथ शोभा यात्रा का स्वागत हुआ और पूरा शहर जय श्रीराम के उदघोष से गूंज उठा।

कटला रामलीला की भव्य रामनवमी शोभा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग मुख्यातिथि रहे। शोभा यात्रा में शिव कुमार गोयल, रमेश जिंदल, नारायण दास बंसल, पवन असरावा, अंजनी गर्ग, मांगेराम रावलवासिया, रमेश जिंदल, दिनेश बिंदल, मोहित गुप्ता, डॉ. हरीश शर्मा, विनोद जैन, अशोक गुप्ता, सुशील बुड़ाकिया, संदीप गुप्ता व दीपक गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस दौरान कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल व सह सचिव राजकुमार जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल आदि रहे।



हिसार। कटला रामलीला की रामनवमी शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियों का दृश्य।

#### सुंदरकांड के प्रसंग से करवाया साक्षात्कार

श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज ने बाली वध, सुंदर कांड, युद्ध प्रसंग, रावण वध व श्रीराम के अयोध्या लौटने के प्रसंग से साक्षात्कार करवाया। उन्होंने श्रीराम के राज्याभिषेक का वृतांत सुनाकर अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर श्रीराम राज्याभिषेक की झांकी देखकर श्रद्धालुओं ने नाचते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। श्रीराम कथा के दौरान भावेश कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि भगवान के प्रति जो भी अर्पित करें वह पूरे भाव से अर्पित करें, आपकी भेंट अवश्य स्वीकार की जाएगी और भगवान की अनुकंपा भी अवश्य होगी।

## ओएसजीयू में स्पोर्ट्स मीट का आगाज

- खेलों का उद्देश्य केवल जीत-हार नहीं : डॉ. गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। ओएसजीयू में एनुअल स्पोर्ट्स मीट के शुभारंभ अवसर पर मौजूद अतिथिगण व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अग्रणी रहने वाले ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (ओएसजीयू) में इस वर्ष भी 'एनुअल स्पोर्ट्स मीट' का शानदार शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के विजनरी चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश में कहा कि खेलों का उद्देश्य केवल जीत-हार नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक सौष्ठव का विकास करना है।

मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं जो हमें विपरीत परिस्थितियों में लड़ना सिखाते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रति-कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर और रजिस्ट्रार डॉ. सत्यवीर सिंह ने भी खेल भावना की शपथ दिलाई। स्पोर्ट्स मीट में रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहीं बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, चैस और रस्सा-कशी में खिलाड़ियों के बीच कुल 12 खेलो में जबरदस्त मुकाबला देखा गया। इस कार्यक्रम में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. राकेश धीमान और डीन करिकुलम डॉ. महिंद्र पुनिया विशेष रूप से उपस्थित हुए। पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील बैंदा और डॉ. प्रभात नैन ने अपनी कुशलता से किया। मंच संचालन विश्वविद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर व ज्यूडिशियरी नीरज तनेजा ने किया।

## नौजवान भारत सभा के शताब्दी वर्ष पर बधावड़ में राज्य स्तरीय समागम

- कार्यक्रम में स्कूली बच्चों शहीदों पर आधारित नाटक, गीत व रागनी पर देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जनवादी नौजवान सभा के राज्य प्रधान मुकेश कुमार गांव बधावड़ में बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य प्रधान मुकेश कुमार ने कहा है कि शहीदे आजम भगत सिंह व उनके साथियों द्वारा बनाई गई नौजवान भारत सभा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिले के गांव बधावड़ में 29 मार्च को राज्य स्तरीय युवा समागम का आयोजन किया जाएगा। इसमें राज्यभर से सैंकड़ों युवा सक्रिय रुप से अपनी भागीदारी करेंगे। इस युवा समागम को मुख्य वक्ता के रुप में सम्बोधित करने के लिए दिल्ली विश्वविधालय से रिटायर्ड प्रोफेसर चमन लाल आएंगे। मुख्य अतिथि पूर्व मंडल आयुक्त व रिटायर्ड आईएएस अशोक गर्ग होंगे। गांव बधावड़ में होने वाले युवा समागम में स्कूली बच्चों की तरफ से शहीदों पर आधारित नाटक, कोरियोग्राफी, गीत, रागनी एंव सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

इस मौके पर जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव नरेश दनौदा, अशोक बूरा, जितेन्द्र बूरा, सुखदेव, पकंज बगला, सागर, सलोनी, ओमप्रकाश, प्रदीप बैनीवाल, सूरज, निखिल, भूपेश सोनी, सचिन, सुखबीर, अंकित मौजूद रहें।



हिसार। एसपी शशांक कुमार सावन को ज्ञापन देना पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

### बाल भिक्षावृत्ति के पीछे संगठित गिरोह की आशंका

**हिसार।** शहर की सड़कों पर बढ़ती बाल भिक्षावृत्ति और बच्चों के साथ मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों को लेकर भीख नहीं किताब दो संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और इस पूरे मामले की गहनता से जांच करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संस्था की अध्यक्षा अन्नू चिनिया और संस्था के संरक्षक एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हाल ही में शहर के विभिन्न चौराहों पर किए गए सर्वे के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के साथ जो व्यक्ति खुद को उनका अभिभावक बता रहे हैं वे न तो बच्चों के पहचान पत्र दिखा पा रहे हैं और न ही बच्चों के नाम स्थिर बता रहे हैं। बार-बार बच्चों के नाम बदलना किसी बड़े संगठित गिरोह की ओर इशारा कर रहा है। ज्ञापन के माध्यम से संस्था ने मांग की है कि ऐसे संदिग्ध समूहों की निष्पक्ष जांच की जाए। यदि कोई जबरन बच्चों से भीख मंगवा रहा है तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। मौके पर एडवोकेट बजरंग इंदल, एडवोकेट श्वेता शर्मा, एडवोकेट हिमांशु आर्य खोवाल, रेणुका जाखड़, कुसुम प्रजापति, मोनिका कुमावत, मनीषा आदि रहे।

## मां संतोषी ने दी सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा

- हवन, कन्या पूजन, कीर्तन व भंडारे के साथ संतोषी आश्रम का नवरात्र महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में कन्या पूजन करते श्रद्धालुगण।

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में चल रहा नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव व श्रीराम कथा हवन, कन्या पूजन, कीर्तन व भंडारे के साथ संपन्न हुए। हवन-यज्ञ करते हुए जहां जनकल्याण की कामना की गई, वहीं कीर्तन के माध्यम से प्रभु श्रीराम की स्तुति की गई। विधि-विधान के अनुसार कन्या पूजन करके उन्हें उपहार प्रदान किए गए।

मॉडल टाउन में स्थित मां संतोष आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव व श्रीराम कथा में नौ दिनों तक लगातार विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। प्रतिदिन कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजन व वैदिक विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ करवाया गया। स्वामी संतोषी माता ने प्रतिदिन श्रीराम कथा से जुड़े प्रसंगों का वर्णन करते हुए सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य को निरंतर ईश्वर से जुड़े रहने चाहिए और उसका स्मरण करते रहना चाहिए। स्वामी संतोषी माता ने कि भक्त का एक बार भगवान से नाता जुड़ जाए तो फिर वह अटूट बन जाता है। इसलिए प्रभु की भक्ति में मन लगाना चाहिए । संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संयोजक राजमल काजल ने बताया कि नवरात्र महोत्सव के अंतिम दिन कथा व्यास अनंत श्री विभूषित परम श्रद्धेय स्वामी संतोषी माता को समाजसेवी मधुर बसंल, भजन गायिका निशा दीदी, मुकेश गर्ग नलवा, जयप्रकाश जेपी, सुनीता अग्रवाल, वेद बंसल व कृष्णा गुप्ता ने माला अर्पित करके स्वागत-सत्कार किया।



हिसार। कार्यशाला में उपस्थित हमारा प्यार हिसार संस्था के प्रतिनिधि, कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एनएसएस कार्यशाला में स्वयंसेवकों को सामाजिक उत्तरदायित्व व पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं समाजसेवी संस्था हमारा प्यारा हिसार के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेरणादायक एवं जागरूकता आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कुमारी सरोज एवं प्रो. राजेन्द्र प्रसाद के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला के दौरान संस्था की ओर से सुशील खरींटा, प्रो. हरीश भाटिया, डॉ. एमएस मलिक, सत्येन्द्र यादव, आदेश मलिक, कमल भाटिया एवं डॉ. सुषमा गांधी ने क्रमवार अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि हमारा प्यारा हिसार संस्था हिसार शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। टीम प्रत्येक रविवार को शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सफाई, पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करती है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया।

## 63.7 किलो गांजा के साथ 4 आरोपित गिरफ्तार, केस दर्ज

- पुलिस ने आरोपितों को आगामी पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। जानकारी देते डीएसपी रविन्द्र सांगवान व सीआईए प्रभारी प्रदीप कुमार व पकड़े गए आरोपित।

सीआईए पुलिस ने 63.7 किलो नशीला पदार्थ गांजा के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पुट्ठी निवासी विनोद व रविन्द्र उर्फ विरेंद्र, तथा जींद जिले के गांव ईगराह निवासी राकेश व मनबीर के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने बताया कि गुरुवार रात को हांसी सीआईए स्टाफ की टीम गांव भाटोल जाटान बस अड्डा पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक काले रंग की स्कार्पियो गाड़ी में सवार चार युवक भारी मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा लेकर गांव गढ़ी से भाटोल जाटान गांव की ओर जा रहे हैं। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें 63 किलों 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर पकड़े गए आरोपितों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## कार्यशाला में छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर किया जागरूक

- मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा व प्रमुख कारकों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। विद्यार्थियों को संबोधित करते दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट के संस्थापक राजपाल सिंह बासनीवाल। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर एक उच्चस्तरीय एवं व्यवहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रकांत गोरसी के स्वागत अभिभाषण से हुआ। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक राजपाल सिंह बासनीवाल (संस्थापक, दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट) एवं सह-प्रशिक्षक डॉ. निधि कालरा ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा, उसके प्रमुख प्रकारों, निर्धारक कारकों तथा उसके जीवन पर पडऩे वाले व्यापक प्रभावों के विषय में वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से अवगत कराया। विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मल कौशिक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन का यह प्रशिक्षण मनोविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. कन्नुप्रिया एवं डॉ. चंद्रकांत गोरसी आदि रहे।

## होली स्कूल को मिला एआई रेडी स्कूल का सर्टिफिकेशन



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रिलायंस जियो के एआई क्लासरूम प्रोग्राम के तहत होली चाइल्ड स्कूल ने एआई-रेडी स्कूल बनने का गौरव प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रिंसिपल अनीता पन्नू दलाल को जियो की हरियाणा स्टेट लीडरशिप टीम के सदस्यों द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रिंसिपल दलाल ने एआई क्लासरूम फाउंडेशन कोर्स पूरा करने वाले स्कूल के 105 छात्रों को कोर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस कार्यक्रम में छात्र, स्टाफ के सदस्य, एआई कोर्स पूरा कर चुके छात्रों के पेरेंट्स और हरियाणा जियो स्टेट लीडरशिप टीम के सदस्य उपस्थित थे। रिलायंस जियो का एआई क्लासरूम प्रोग्राम, जो हरियाणा सहित पूरे देश में चलाया जा रहा है, एक व्यापक डिजिटल शिक्षा अभियान है, जो जियो की सभी के लिए एआई पहल का हिस्सा है।

### नगर निगम ने खुले में कचरा डालने पर किए दस चालान

**हिसार।** नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार, एएसआई रोहित, खुले में कचरा डालने पर कोहली वाइन मिलगेट, गुरुकृपा इंटरप्राईज नजदीक नंद पेट्रोल पम्प का 5-5 हजार रूपये के चालान किए। इसके अलावा शांति नगर में 3 घरों में कचरा सेग्रीगेशन न देने पर उनके 500-500 रूपये के चालान किए गए। एएसआई विजेता ने रामपुरा मोहल्ला में 2 घरों के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करके डालने उनका 500-500 रुपये का चालान किया। इसके अलावा एएसआई कपिल व एएसआई सन्नी ने सेक्टर 27-28 में खुले में कचरा डालने पर एक व्यक्ति का 5 हजार रुपये का चालान किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### सुरभि मंत्र जाप अनुष्ठान और श्रीमद गो भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

# सभी धार्मिक ग्रंथों में मिलेगा गोमाता का महत्व: परीक

**धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण प्राकट्य महोत्सव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। श्रीमद गौ भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण प्राकट्य की झांकी का दृश्य।

श्री सुरभि गो महायज्ञ, सवा करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप अनुष्ठान और श्रीमद गो भागवत कथा में श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला जारी है। चौथे दिन कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी के सान्निध्य में सरस्वती कॉलेज के प्रांगण में आयोजित 108 कुंडीय दशांश महायज्ञ में सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन विजय ढल, कमलेश ढल, डायरेक्टर विजय ढल, सरस्वती कॉलेज की प्रिंसिपल सोनिया रानी, दीपक ढल, कमल सर्राफ व रणधीर झाझडिया सहित काफी संख्या में यजमानों ने हिस्सा लिया।

गोकथा के दौरान कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी ने गोमाता की महिमा से साक्षात्कार करवाया। उन्होंने कहा कि चाहे राम कथा हो या फिर घनश्याम कथा, सभी में गोमहिमा का वर्णन अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक ग्रंथ का अध्ययन कर लीजिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से गोमाता के महत्व का अवश्य वर्णन मिलेगा। विदुषी बेला पारीक ने कहा कि उपनिषद भी गोमाता की महिमा का वर्णन करते हैं। उन्होंने कहा कि जो गोमय है उसमें लक्ष्मी का वास होता है। इसलिए गोमाता की सच्चे मन से सेवा करनी चाहिए।

#### झांकी देखकर खिले श्रद्धालुओं के चेहरे

*श्रीमद गो भागवत कथा के चौथे दिन गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष एवं मातृभूमि सेवा संघ के मार्गदर्शक पूरन यादव लोहचब, प्रचारक अनिल, माननीय जिला संघ चालक भूपेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम तायल व सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन विजय ढल ने दीप प्रज्ज्वलित करके सभी के लिए मंगलकामना की। चौथे दिन की गोकथा के दौरान श्रीकृष्ण प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया गया और श्रीकृष्ण प्राकट्य झांकी देखकर सभी श्रद्धालुओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।*

### निगम टीम ने मार्केट से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। शुक्रवार को अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टैंड के आस-पास के क्षेत्र से और फिर बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक कार्रवाई की गई। पुरानी ऑटो मार्केट में टीम ने लोहे के व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपना सामान दुकान की सीमा के भीतर रखें। यदि किसी दुकान का सामान बाहर पाया गया, तो उसे नगर निगम द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। अभियान के तहत बिश्नोई मंदिर मार्केट, सुभाष मार्केट, पुल तेलियान, बालाजी मार्केट और पूजा मार्केट में भी अतिक्रमण हटाया गया।